प्रेस नोट-62
दिनांक 28.06.2024
सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना इन्हौना पुलिस द्वारा 01 गुमशुदा बच्चे को सकुशल परिजनों को सुपुर्द कर लौटाई परिजनो की मुस्कान।

दिनांक 27/06/2024 को रामराज कश्यप पुत्र दयाराम कश्यप निवासी राजाफतेहपुर थाना इन्हौना जनपद अमेठी ने थाने पर आकर सूचना दी कि उनका 15 वर्षीय पुत्र ऋषभ घर वालों की डांट से नाराज होकर घर से कहीं चला गया है। जिस सूचना पर थाना इन्हौना द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये अभियोग पंजीकृत कर विभिन्न माध्यमो से गुमशुदा बच्चे की तलाश की जा रही थी। दिनांक 28/06/2024 को जानकारी मिली कि ऋषभ ग्राम मिश्रन का पुरवा थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी में है। गुमशुदा बच्चे को नाम पता के आधार पर उसके परिजनो से संपर्क कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों ने अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया।